**प्रेस विज्ञप्ति**

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय

# पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## छात्रों में अली रहमान व छात्राओं में जयश्री राय सबसे तेज धावक बने

पंतनगर। 10 अप्रैल 2023। विश्वविद्यालय के स्टीवेंसन स्टेडियम में विद्यार्थियों की तीन–दिवसीय 55वीं वार्षिक खेल–कूद प्रतियोगिता के तीसरे दिन की प्रतियोगिताओं की 100 मीटर दौड़ में छात्र वर्ग में अली रहमान ने सबसे तेज दौड़ लगाकर कीर्तिमान स्थापित किया जबकि छात्रा वर्ग जयश्री राय ने सभी प्रतिभागियों को पीछे छोड़ते हुए पहला स्थान प्राप्त किया।

छात्र वर्ग की 100 मीटर दौड़ में दूसरे स्थान पर अविश्रेय सिंह तथा प्रतीक शर्मा तीसरे स्थान पर रहे। छात्राओं की 100 मीटर दौड़ में दूसरे स्थान पर भूमिका तथा तीसरे स्थान शिक्षा रावत ने बाजी मारी। छात्रों की 15सौ मीटर की दौड़ में पहले स्थान पर कनिश वर्मा तथा दूसरे व तीसरे स्थान पर क्रमशः रजत सैनी एवं ध्रुव शर्मा रहें। छात्राओं की 15सौ मीटर दौड़ में पहले स्थान पर मनीषा पाण्डे, दूसरे व तीसरे स्थान पर क्रमशः मनीषा पटवाल व सुचिता राय रहें। छात्रों की 10हजार मीटर की दौड़ में हर्षित सिंह बिष्ट, दिव्यांशु जोशी व सक्षम गौतम क्रमशः पहले, दूसरे एवं तीसरे स्थान पर रहें। छात्र वर्ग के डिस्कस थ्रो में सौरभ पंत, राहुल पटवाल व आयुष पुरोहित को क्रमशः पहला, दूसरा व तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। छात्राओं की 4गुणा100 मीटर रिले दौड़ में गंगोत्री भवन को पहला तथ गांधी भवन व सुभाष भवन को क्रमशः दूसरा एवं तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। छात्र वर्ग की 4गुणा 100 मीटर की रिले दौड़ में टैगोर भवन को पहला, सीबी प्रथम को दूसरा एवं नेहरू भवन को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ।

